# यूपीईएस के 3,280 छात्र-छात्राओं को दी गई उपाधि

## दीक्षा समारोह का आयोजन, स्कूल आफ कंप्यूटर साइंस एवं स्कूल आफ इंजीनियरिंग के छात्र हुए शामिल

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह के अंतिम दिन स्कूल आफ कंप्यूटर साइंस एवं स्कूल आफ इंजीनियरिंग के स्नातक और स्नातकोत्तर के 3,280 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह के दौरान कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रीयल टेक्नोलाजी के संस्थापक सचिव प्रो. अच्युत सामंत और ब्रिटिश-भारतीय व्यवसायी लार्ड करण बिलिमोरिया को डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। विवि के कुलपति डा. रामके शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की।



यूपीईएस यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्रों को उपाधि देने के बाद कुलपति डा. राम शर्मा, शिक्षाविदों के साथ • विवि

यूपीईएस के कुलपति डा. रामके शर्मा ने कहा कि हम शिक्षा, रिसर्च और सहयोग की परिवर्तनकारी शक्ति पर विश्वास रखते हैं। हमारी अवधारणा ने न केवल प्रभावशाली शोध और उद्यमिता को बढ़ावा दिया है, बल्कि उत्तराखंड में स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया है। इन प्रयासों से ग्लोबल और नेशनल रैंकिंग में सुधार, छात्रों के बेहतर परिणाम और सफल प्लेसमेंट में तब्दीली की है। इस सफलता का श्रेय विवि की फैकल्टी, छात्र-छात्राओं के समर्पण को जाता है। विवि छात्रों की सफलता का जश्न मना रहा है। हम नवाचार, सतत विकास, उत्कृष्टता के लिए काम कर रहे हैं। इन लक्ष्यों को आकार देने के लिए प्रतिबद्धता हमारी सफलता का राज है। कहा कि पांच दिन चले यूपीईएस के दीक्षा समारोह में सभी सात स्कूलों से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने वाले के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया।

उन्होंने बताया कि विवि प्रतिष्ठित एकेडमिक्स का घर है, जिसमें नोबेल पुरस्कार नामांकित, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमियों के फैलो शामिल हैं। विवि ने बजाज, आइबीएम और इंफोसिस जैसे उद्योगों के साथ एमओयू किया है।